हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 11 नवंबर 2026

06 भगवान के सामने निष्काम भक्ति करें सकाम भक्ति कर याचना...



09 जिले में गोवर्धन पूजा का पर्व उत्साह से मनाया गया, की गई पूजा-अर्चना



समाचार संक्षेप

दीपावली पर गीता स्वाध्याय मंडल ने किया सामूहिक गीता पाठ



गुना। दीपावली के अवसर पर विश्व गीता प्रतिष्ठानम गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा लक्ष्मीगंज स्थित जयपुर हाईट्स के शिव मंदिर में विशेष गीता स्वाध्याय आयोजित किया गया। इसमें श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 12 (भक्ति योग) के श्लोक 12 से 20 तक का सामूहिक पाठ किया गया। गीता पूजन चंद्रमोहन अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरणा गीत, गणेश-गौरी एवं गुरु वंदना तथा रामायण की चौपाइयों से हुआ, जिनका वाचन मंडल संयोजक बृजभूषण शर्मा ने किया। रामसिंह रघुवंशी ने गीता महात्म्य के श्लोकों का वाचन एवं गीता भजन प्रस्तुत किया। नरेंद्र भारद्वाज ने गीता श्लोकों का स्वाध्याय कराया, जबकि पंडित रामकुमार तिवारी ने श्लोकों की भावपूर्ण व्याख्या की। पंडित मनोज शर्मा ने सुभाषित एवं अमृत वचन प्रस्तुत किए तथा जशवंत सिंह रघुवंशी ने प्रेरक प्रसंग सुनाया। इस अवसर पर पंडित मनोज शर्मा ने भगवान श्रीराम का प्रिय बनने के चार सूत्र बताते हुए कहा कि व्यक्ति को सगुण ब्रह्म का उपासक, नीति-नियमों का पालन करने वाला, परहित एवं परोपकार में संलग्न तथा ब्राह्मणों के प्रति श्रद्धा रखने वाला होना चाहिए। उन्होंने सुंदरकांड के दोहे का उल्लेख करते हुए इन आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

चित्रगुप्त मंदिर में मनेगी भाई दूज

गुना। जाटपुरा स्थित श्री चित्रगुप्त कायस्थ मंदिर में यम द्वितीया (भाई दूज) के अवसर पर बुधवार को आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का विशेष पूजन एवं दावत-कलम पूजन किया जाएगा। शाम 5 बजे आयोजित कार्यक्रम में भगवान की आरती के पश्चात प्रसाद वितरण होगा। इस अवसर पर श्री अजय श्रीवास्तव (रीडर परिवार), जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गुना द्वारा प्रतिवर्षानुसार भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर में रविवार, 15 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे मंदिर सभागार में भगवान श्री चित्रगुप्त जी का पूजन कर छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात महाआरती एवं अन्नकूट प्रसादी का आयोजन होगा। चित्रगुप्त कायस्थ मंदिर न्यास गुना ने सकल कायस्थ समाज के सभी परिवारों से दोनों धार्मिक आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

रिश्तेदार के यहां से अज्ञात चोर चुरा ले गए प्लेटिना बाइक, मामला दर्ज

गुना। जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ा आमल्या के पास से अज्ञात चोर एक काले रंग की प्लेटिना मोटरसाइकिल चुराकर ले गए। काफी तलाश करने के बाद भी जब वाहन का कोई सुराग नहीं लगा, तो पीड़ित ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम टोडरा निवासी अर्जुन पुत्र कमरलाल धाकड़ (40) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत दिवस को उनका बेटा आशु उनकी काली प्लैटिना मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08-2833 लेकर ग्राम बड़ा आमल्या के पास अपने रिश्तेदार बृजेश धाकड़ के यहां गया था। दोपहर करीब 12 बजे आशु बाइक को बाहर खड़ी कर रिश्तेदारी में अंदर गया था। करीब एक घंटे बाद जब वह लौटकर आया, तो गाड़ी वहां से गायब थी। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चला।

आज भाईदूज पर रहेगा स्थानीय अवकाश

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा वर्ष 2026 के लिए गुना जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। जारी घोषित स्थानीय अवकाश के तहत 11 नवम्बर को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। उक्त अवकाश जिले के कोषालय/उप कोषालय के लिए लागू नहीं रहेगा।

तेज रफ्तार यात्री बस ने बाइक सवार को मारी भीषण टक्कर

सड़क हादसे में दो युवकों की मौत महिला गंभीर रूप से हुई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के मक्सूदनगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत भोपाल रोड पर एक सड़क हादसा सामने आया है। यहां खेरखेड़ा मोड़ के पास एक अनियंत्रित यात्री बस ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार, मक्सूदनगढ़ के भोपाल रोड स्थित खेरखेड़ा मोड़ पर सोमवार को तेज रफ्तार यात्री बस के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक



के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार लोग सडक़ पर दूर जा गिरे। दुर्घटना में जान गंवाने वाले दोनों युवकों की पहचान गुना जिले के अंतर्गत आने वाले करेगढ़ निवासी संदीप भील और आनंदपुर निवासी मिथुन भील के रूप में हुई है। दोनों युवकों की इस तरह अचानक हुई मौत से उनके परिवारों में कोहराम मच गया है और दीपावली के बाद इस दुखद खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

अस्पताल में मची अफरा-तफरी, महिला गंभीर

इस भीषण सडक़ हादसे में एक महिला भी गंभीर रूप से घायल हुई है। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल महिला को आनन-फानन में मक्सूदनगढ़ के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने तुरंत उसका प्राथमिक उपचार शुरू किया। हालांकि, महिला की गंभीर और नाजुक हालत को देखते हुए स्थानीय चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर और उच्च उपचार के लिए अन्य बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने दुर्घटनाकारी यात्री बस को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू करते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच विवेचना में ले ली है।

शराब पीने से मना करने पर पिता से उलझा बेटा, तैश में आकर खाया सल्फास, तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के बमोरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिरसी के ग्राम नगदा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शराबखोरी की लत से परेशान पिता द्वारा दी गई हिदायत एक युवक को इतनी नागवार गुजरी कि उसने गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में जब परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नगदा निवासी 28 वर्षीय श्रीलाल जाटव पुत्र दौजा जाटव सोमवार शाम करीब 4 बजे अत्यधिक शराब के नशे में धुत होकर अपने घर पहुंचा था। बेटे की बिगड़ती आदत और नशे की हालत को देखकर पिता दौजा जाटव ने उसे टोका और भविष्य में शराब न पीने की बात कही। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र में बहस शुरू हो गई। कहासुनी के दौरान गुस्साए श्रीलाल ने आवेश में आकर घर में रखी कीटनाशक (सल्फास) की गोली निगल ली। कुछ ही मिनटों में उसकी हालत बिगडऩे लगी और वह उल्टी करने लगा। बेटे की तड़प देखकर परिजन आनन-फानन में उसे वाहन से इलाज के लिए गुना अस्पताल की ओर लेकर भागे। हालांकि, नियति को कुछ और ही मंजूर था; उमरी के पास पहुंचते-पहुंचते युवक ने रास्ते में ही अंतिम सांस ली।

बिना पीएम के किया अंतिम संस्कार

युवक की मौत के बाद बदहवास परिजन अस्पताल जाने के बजाय शव को वापस गांव ले आए। परिजनों ने घटना के संबंध में न तो पुलिस में कोई शिकायती आवेदन दिया और न ही शव का पोस्टमार्टम कराया। गमगीन माहौल में परिजनों ने युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।

पैसों के लेन-देन को लेकर दो सगे भाइयों में खूनी संघर्ष

छोटे भाई ने बड़े को पीटकर किया लहूलुहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हुसैनपुर में पैसों के लेन-देन को लेकर दो सगे भाइयों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि छोटे भाई ने बड़े भाई के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे वह बाड़ की कांटेदार तार में उलझकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हुसैनपुर निवासी राम सिंह रजक (50) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत रात करीब 8 बजे उनका छोटा बेटा गोविन्द, बड़े बेटे धर्मेन्द्र से पैसों के लेन-देन को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब धर्मेन्द्र ने उसे गाली देने से मना किया, तो गोविन्द उसके साथ मारपीट करने लगा। हाथापाई के दौरान धर्मेन्द्र पास ही स्थित खेत की कांटेदार तार की बाड़ में जा उलझा, जिससे उसके बाएं कान, चेहरे और सिर के पीछे गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। बीच-बचाव करने आए मानसिंह और देवेंद्र रजक ने मामला शांत कराया। इसके बाद जब पिता अपने घायल बेटे को लेकर थाने आ रहे थे, तब आरोपी गोविन्द ने रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

घरेलू विवाद खूनी संघर्ष में बदला

जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम झाझौन मानापुरा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। घर के काम को लेकर हुए मामूली विवाद में दो कलयुगी बेटों ने अपने ही बुजुर्ग पिता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उनके नाक और माथे पर गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। पुलिस ने फरियादी पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 65 वर्षीय मांगीलाल बंजारा पुत्र स्व. दल्ला बंजारा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत शाम करीब 6 बजे वे मवेशी चराकर घर लौटे थे। घर की लाइट बंद होने पर उन्होंने खंभे से खुद बिजली ठीक की। इसके बाद उन्होंने अपने दोनों बेटों बिन्टी और कालू बंजारा से नाराजगी जताते हुए कहा कि वे बाहर के काम करने के बाद भी घर का काम खुद कर रहे हैं, क्या उन्हें थोड़ी भी शर्म नहीं आती। इतनी सी बात पर दोनों बेटे उग्र हो गए और पिता को गालियां देने लगे। विरोध करने पर बिन्टी ने लाठी से हमला किया जो मांगीलाल की नाक पर लगा, जबकि कालू ने डंडे से उनके माथे पर वार कर दिया। मौके पर मौजूद धन्ना बंजारा और नारायण बंजारा ने बीच-बचाव किया। जाते-जाते आरोपी बेटों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पैसे उधार न देने पर ग्रामीण पर लुहांगी से हमला

इधर राघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम आवन में पैसे उधार देने से मना करने पर एक व्यक्ति ने ग्रामीण पर लुहांगी से हमला कर दिया। इस हमले में ग्रामीण के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। बीच-बचाव करने आए लोगों के सामने आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम आवन निवासी 38 वर्षीय पर्वत सिंह पुत्र हजारीलाल लोधा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके गांव के ही रामबाबू ने उनसे अपने खर्चे के लिए पैसे मांगे थे, जिसे उन्होंने देने से इनकार कर दिया था। विरोध करने पर आरोपी ने लुहांगी से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे खून निकल आया।

शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक गूंजे गोवर्धन महाराज के जयकारे

तिथियों के असमंजस के बीच उत्साह से मनाया गया गोवर्धन पूजा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

दीपावली के पावन पर्व के इस वर्ष भी धनतेरस से लेकर भाईदूज तक विभिन्न तिथियों को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी रही, बावजूद इसके जिलेभर में गोवर्धन पूजा का पर्व बेहद हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। मंगलवार को घरों में गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना का दौर तो चला ही, साथ ही इस बार सार्वजनिक आयोजनों ने उत्सव के रंग को और भी अधिक गहरा कर

पंचांगीय गणना और तिथियों के उतार-चढ़ाव के चलते इस बार दीपोत्सव के पर्वों को लेकर शहरवासियों में हल्की असमंजस की



स्थिति जरूर देखी गई, लेकिन पर्व के प्रति आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं आई। इस दौरान कुछ लोगों ने सोमवार को शाम को गोवर्धन पूजन की तो कुछ ने मंगलवार को। दीपावली पूजन के बाद गोवर्धन उत्सव को लेकर शहर के हर मोहल्ले और गली में विशेष चहल-पहल नजर आई। घर घर में लोगों ने विधि-विधान से गोवर्धन पर्वत की पूजा की और भगवान से अपने परिवार के लिए अन्न, धन और सुख-समृद्धि की सतत प्रार्थना की।

ग्रामीण इलाकों में दिखा पारंपरिक उल्लास

शहरी आयोजनों के साथ-साथ गुना जिले के ग्रामीण अंचलों में भी गोवर्धन पूजा का पर्व परंपरागत रूप से विशेष उत्साह के साथ मनाया गया। गांवों में ग्रामीणों ने सुबह सवेरे अपने घरों के बाहर गोवर्धन भगवान की पारंपरिक आकृतियां बनाईं और गौवंश की पूजा की। इस अवसर पर घरों में विशेष पकवानों के रूप में कढ़ी-पूरी और पारंपरिक राम भाजी बनाई गई, जिसका परिवारों ने मिलकर आनंद लिया।

घर के सामने गंदा पानी डालने से मना करने पर खूनी संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खजूरी में घर के सामने गंदा पानी फेंकने का विरोध करने पर दबंगों ने एक बुजुर्ग के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। आरोपियों ने हंसिये और डंडे से हमला कर बुजुर्ग को लहूलुहान कर दिया, जबकि बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी और बहू के सामने ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम खजूरी निवासी 60 वर्षीय कलुआ पुत्र सौराम बंजारा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत दोपहर करीब 12 बजे वे अपने घर पर थे। तभी उनके पड़ोस में रहने वाली बाईसाहब बंजारा उनके घर के सामने गंदा पानी डाल रही थी। जब कलुआ ने पानी डालने से मना किया, तो वह आग बबूला होकर गालियां देने लगी। विरोध करने पर आरोपी महिला ने हाथ में रखे हंसिये से हमला कर दिया, जिससे कलुआ के बाएं हाथ की हथेली में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। शोर सुनकर महिला का पति बालू बंजारा वहां डंडा लेकर आ धमका और बुजुर्ग की पीठ तथा दाहिनी आंख के नीचे डंडे से ताबड़तोड़ वार कर दिए। घटना के दौरान मौके पर मौजूद पीड़ित की पत्नी दौलत बाई और बहू ललिता ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने शिकायत पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पैसों के लेनदेन को लेकर खूनी संघर्ष

इधर जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुम्हार मोहल्ला में पुराने पैसों के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हो गया। आरोपियों ने घर में घुसकर युवकों के साथ लात-घूंसों, ईंट और फावड़े के डंडे से मारपीट कर दी, जिससे फरियादी और उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुम्हार मोहल्ला निवासी सोनू प्रजापति (20) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत दोपहर करीब 3 बजे कल्ला प्रजापति उसके घर आया और पुराने रुपयों को लेकर विवाद करने लगा। इसी दौरान राहुल और राजू प्रजापति भी वहां आ गए और गालियां देने लगे।

जनसुनवाई में छाया त्योहार का खुमार

मोबाइल में व्यस्त दिखे कुर्सियों पर बैठे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला कलेक्ट्रेट में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में इस बार दीपोत्सव के त्योहारों की खुमारी स्पष्ट रूप से हावी दिखाई दी। त्योहारों के खुशनुमा माहौल के बीच जहां कलेक्ट्रेट पहुंचे फरियादियों की संख्या बेहद सिमटी रही और बमुश्किल दो दर्जन आवेदन ही आए, वहीं प्रशासनिक तंत्र में भी ढीलापन देखने को मिला। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की गैरहाजिरी में संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया ने जनसुनवाई की कमान संभाली और कलेक्ट्रेट पहुंचे आमजन की समस्याओं व



शिकायतों को सुना।

जनसुनवाई की व्यवस्थाओं में सबसे चिंताजनक पहलू अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर रहा। एक ओर जहां कई महत्वपूर्ण विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई से पूरी तरह नदारद रहे, वहीं दूसरी ओर जो गिने-चुने अधिकारी टेबल पर मौजूद भी थे, वे जनता का दुखड़ा सुनने के बजाय पूरी मुस्तैदी से अपने मोबाइल फोन में व्यस्त नजर आए। जनसुनवाई हॉल में फरियादी अपनी समस्याओं का पुलिंदा हाथ में लेकर आस भरी निगाहों से अधिकारियों की ओर देखते रहे, लेकिन जिम्मेदार कुर्सियों पर बैठे अधिकांश अधिकारी स्क्रीन पर अंगुलियां फेरने और सोशल मीडिया खंगालने में ही मशगूल रहे। जनसुनवाई जैसे संवेदनशील मंच पर अधिकारियों की इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना हरकत और मोबाइल के प्रति यह दीवानगी चर्चा का विषय बनी रही। इस अव्यवस्था और अफसरों की ढिलाई के बीच संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया ने मोर्चा संभाला और कलेक्ट्रेट पहुंचे हर एक आवेदक की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना।



समाचार संक्षेप

अग्रवाल समाज मंदिर पर रंगोली से हुआ दीपावली उत्सव का आगाज



कुंभराज। नगर में दीपावली पर्व को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में अग्रवाल समाज मंदिर पर दीपावली उत्सव का शुभारंभ आकर्षक रंगोली के माध्यम से किया गया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल की बेटी राधिका ने राम जानकी मंदिर में भगवान श्रीराम के स्वागत के लिए सुंदर एवं आकर्षक रंगोली बनाई। रंगोली के माध्यम से भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा और भक्ति का सुंदर संदेश प्रस्तुत किया गया। राधिका की इस कलात्मक प्रस्तुति ने मंदिर परिसर की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। दीपावली के अवसर पर भगवान श्रीराम के स्वागत की इस अनूठी पहल की सराहना की जा रही है। नगर में दीपावली पर्व को लेकर धार्मिक उत्साह के साथ विभिन्न मंदिरों एवं सामाजिक संस्थाओं में भी विशेष तैयारियां और आयोजन किए जा रहे हैं।

श्री चित्रगुप्त कायस्थ मंदिर में 15 नवंबर को होगा अन्नकूट महोत्सव

राघोगढ़। स्थानीय जाटपुरा स्थित श्री चित्रगुप्त कायस्थ मंदिर गुना में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी रविवार, 15 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।इस अवसर पर आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा। तत्पश्चात भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती की जाएगी। इसके बाद अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन होगा।चित्रगुप्त कायस्थ मंदिर न्यास की ओर से समस्त कायस्थ समाज के बंधुओं एवं मातृशक्ति से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्री चित्रगुप्त जी का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं अन्नकूट महाप्रसादी में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की गई है।

दिग्विजय सिंह की 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' आज पहुंचेगी राघौगढ़

राघौगढ़। शिवधाम उज्जैन से रामधाम अयोध्या तक निकाली जा रही पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' आज राघौगढ़ नगर पहुंचेगी। यात्रा के नगर आगमन को लेकर क्षेत्र में चर्चा और उत्सुकता बनी हुई है। उज्जैन से प्रारंभ होकर अयोध्या तक जाने वाली इस यात्रा का उद्देश्य सनातन परंपराओं और धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत से जुड़े संदेश को जन-जन तक पहुंचाना बताया जा रहा है।

गत दिवस चतुर्मास उपरांत राघौगढ़ से विहार हुआ

भगवान के सामने निष्काम भक्ति करें सकाम भक्ति कर याचना नहीं करें:मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, प्रवचन वाचस्पति, औजस्वी वक्ता,बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी ने मंगलवार को साडा कॉलोनी राघौगढ़ स्थित श्री बासु पूज्य जैन मंदिर के सभागार में मंगल प्रवचन करते हुए प्रार्थना एवं याचना का विस्तार से उल्लेख किया। आपने कहा भगवान की मूर्ति के समक्ष पूजन अभिषेक शांति धारा निष्काम भाव से करें।

सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ने की प्रार्थना करें। भगवान के सामने याचक न बने। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने उदाहरण देते हुए बताया एक बार भारत के राष्ट्रपति एक जेल में पहुंचे। जेल में चयनित कर चार कैदियों से उनकी समस्याएं पूछी। पहले कैदी ने कहा नल की टोटी ठीक नहीं है, दूसरे ने कहा भोजन ठीक नहीं है, तीसरे ने कहा की जेल में मच्छर बहुत हैं। चौथे कैदी ने कहा मैं बेकसूर हूं मेरे प्रकरण की पुनः समीक्षा कर कर मुझे न्याय दिलवाएं। राष्ट्रपति जी से अनुरोध किया गया था। चारों की मांगे पूरी हो गई। जिसने जेल से रिहाई मांगी थी उसने सही मांग रखी। वह जेल से छूट कर घर पहुंचा उसके घर में नल की टोटी भी ठीक थी। भोजन भी मनपसंद था। मच्छर भी नहीं थे।इस उदाहरण से हमें यह सीख मिलती है कि जो जिस योग्य है उससे वही मांग करना चाहिए। आज के आम आदमी की स्थिति यह है कि मंदिर पहुंचकर भगवान की पूजा अभिषेक करते हैं और उनसे लौकिक समस्याओं से राहत पाने की याचना करते हैं। अपने महाभारत कालीन उदाहरण देते हुए कहा श्री कृष्ण के मित्र सुदामा अत्यंत गरीब थे। उनकी पत्नी के बार-बार कहने पर एक बार श्री कृष्ण जी से मिलने पहुंचे। श्री कृष्ण जी ने उनको गले लगाया और उनसे बार-बार पूछा कि मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूं। सुदामा स्वाभिमानी थे उन्होंने कुछ नहीं मांगा। जब सुदामा विदाई लेने लगे तो श्री कृष्ण को लगा कि मेरा मित्र दरिद है, स्वाभिमानी है। यह मेरे से कुछ मांग नहीं रहा मुझे इसकी मदद करना चाहिए।

श्री कृष्ण ने सुदामा के घर पहुंचने के पहले घर की हालत सुधारवा दी घर पक्का बनवा दिया और सब सुविधा उपलब्ध करा दी। कहावत भी है बिन मांगे मोती मिले मांगे मिले न भीख। आपने कहा भगवान से अगर मांगना ही है तो यह यह प्रार्थना करें हे भगवान मुझे इन सांसारिक बंधनों से मुक्ति मिले।

महाराज जी ने प्रवचन के अंत में अपनी लोकप्रिय बुन्देली कविता सुनायी।जे दियना से हम मुनि बने हैं उही देना से मस्त हैं। उल्लेखनीय है कि नवाचार्य समय सागर जी महाराज की अनुकंपा से मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज का 114 दिन चातुर्मास काल में प्रवास धर्म नगरी राघौगढ़ नगर में रहा।

पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गोवर्धन पर्व

महिलाओं ने बनाई गोवर्धन महाराज की प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बजरंगगढ़।



ग्राम बजरंगगढ़ में गोवर्धन पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर गांव में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। महिलाओं ने सुबह से ही घरों के आंगन में गोबर से गोवर्धन महाराज की आकर्षक प्रतिमाएं बनाने की तैयारियां शुरू कर दीं। दोपहर में विधि-विधान के साथ गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना की गई। गांव के घर-घर में गोवर्धन महाराज विराजमान हुए। ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक गोवर्धन महाराज की परिक्रमा लगाई तथा फूल-माला, दूध, मिठाई सहित विभिन्न पूजन सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं और ग्रामीणों ने पारंपरिक धार्मिक मान्यताओं का निर्वहन करते हुए पूरे भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। गांव में गोवर्धन पर्व के चलते दिनभर धार्मिक उल्लास और भक्ति का वातावरण बना रहा।

मंदिरों में होंगे भव्य आयोजन, बाजारों में भी रही रौनक

कुंभराज में दीपोत्सव की धूम, गोवर्धन पूजन के साथ शुरू होगा अन्नकूट महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज।

नगर में नवरात्रि पर्व से प्रारंभ हुई धार्मिक आयोजनों और उत्सवों की श्रृंखला दीपोत्सव के साथ पूरे उल्लास पर है। नवरात्रि के दौरान धार्मिक आयोजनों के बाद रामलीला में रावण वध एवं भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत हुई, जिसमें नगरवासियों ने उत्साह, उमंग और धार्मिक श्रद्धा के साथ भाग लिया। धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर नगर के घरों और प्रतिष्ठानों में भगवान गणेश, कुबेर एवं माता लक्ष्मी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। दीपों की रोशनी से घर-आंगन जगमगा उठे, वहीं देर रात तक आतिशबाजी की गूंज सुनाई देती रही। पूरा नगर दीपावली के उल्लास में सराबोर नजर आया। पंच दिवसीय दीपोत्सव की धार्मिक परंपरा के तहत अब गोवर्धन पूजन के साथ अन्नकूट महोत्सव की शुरुआत होगी। मंगलवार को गोवर्धन पूजन के पश्चात सबसे पहले गुलाबबाई राधाकृष्ण मंदिर में अन्नकूट का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद गोपाल मंदिर, अग्रवाल समाज मंदिर, राम जानकी मंदिर, मंडी स्थित गणेश मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिरों में भी अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

इस अवसर पर भगवान को विभिन्न प्रकार के पकवानों एवं व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा तथा श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। अन्नकूट महोत्सव को लेकर मंदिरों में तैयारियां की जा रही हैं। इस वर्ष दीपोत्सव के दौरान नगर के बाजारों में भी विशेष चहल-पहल देखने को मिली। किसानों को फसलों की अच्छी पैदावार और उपज के उचित भाव मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उत्साह का माहौल रहा। कृषि उपज मंडी में मक्का एवं सोयाबीन की बंपर आवक हुई।

कुंभराज में पटाखा विक्रय के लिए की गई बेहतर व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज।

दीपावली पर्व पर पटाखों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित विक्रय को लेकर इस बार कुंभराज में पुलिस एवं नगर परिषद प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला है। थाना प्रभारी अमित अग्रवाल एवं नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन के निर्देशन में पटाखा विक्रय के लिए अलग स्थान चिन्हित कर दुकानदारों को निर्धारित स्थान आवंटित किए गए हैं। साथ ही दुकानदारों एवं खरीदारी के लिए आने वाले नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।नगर परिषद द्वारा प्रत्येक पटाखा विक्रेता से एक हजार रुपये शुल्क लेकर तीन दिनों के लिए दुकान लगाने हेतु निर्धारित स्थान की आवंटन पर्ची जारी की गई है। पटाखा विक्रय स्थल पर पेयजल, अस्थायी शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अग्नि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दुकानदारों को रेत से भरी बाल्टी एवं अन्य आवश्यक अग्निशमन सामग्री रखने तथा अनुज्ञप्ति की समस्त शर्तों का पालन करने की हिदायत दी गई है।

हाईकोर्ट के न्यायाधीश पहुंचे लाहोटी परिवार के अन्नकूट उत्सव में



राघौगढ़। लाहोटी परिवार द्वारा आयोजित अन्नकूट उत्सव धार्मिक श्रद्धा, उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश अमित लाहोटी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन में जयवर्धन सिंह जी सहपरिवार सम्मिलित हुए। साथ ही नगरपालिका अध्यक्ष विजय साहू , जनपद अध्यक्ष चंद्र मोहन मीणा , पुरुषोत्तम शर्मा एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी उत्सव में सहभागिता की।इस अवसर पर सभी अतिथियों ने भगवान के दर्शन कर अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था तथा सुंदर वातावरण देखने को मिला।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को लेकर हुआ विचार-विमर्श

लवकुश मंदिर में ब्राह्मण समाज की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में लवकुश मंदिर, पछाड़ी खेड़ा तालाब के पास ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक एवं ब्राह्मण पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के गणमान्य नागरिकों, संत-महात्माओं एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने सहभागिता कीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव के साथ ब्राह्मण पूजन कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं समाजजनों का सम्मान करते हुए सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और सनातन संस्कृति के मूल्यों को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया बैठक के दौरान आगामी दिनों में अशोकनगर जिले में पधार रही मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। यात्रा के सफल आयोजन, समाज की सहभागिता एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर उपस्थित समाजजनों से मार्गदर्शन एवं सुझाव प्राप्त किए गए। सभी ने यात्रा को लेकर अपने विचार साझा किए तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में चर्चा की इस अवसर पर ब्राह्मण समाज से मनोहर चैधरी, परसोत्तम शर्मा, सनत महाराज, पप्पू बोहरे, ओमप्रकाश चैबे, सूर्यप्रकाश एवं संतोष तिवारी सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश नायक, गिरीश जैन, गोपाल कौल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल आदि रहे मौजूद।



पीड़ित परिवार की मांगों पर प्रशासन ने दी सहमति

ईसागढ़। ईसागढ़ तहसील के अंतर्गत ग्राम बमनावर में बिजली विभाग की लापरवाही से हुई गंभीर घटना के विरोध में सोमवार को पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों द्वारा सड़क बंद कर प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान प्रशासन के समक्ष पीड़ित परिवार की मांगें रखी गईं, जिन पर प्रशासन ने सहमति जताते हुए निम्नलिखित आश्वासन दिए हैं। पीड़ित परिवार के एक सदस्य को बिजली विभाग में नौकरी, बिजली विभाग की ओर से 4 लाख रुपए का मुआवजा देने, शासन की ओर से 4 लाख रुपए की अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान करने, अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 50 हजार रुपए की सहायता राशि मौके पर उपलब्ध कराई गई। दोनों बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च शासन द्वारा वहन करते हुए निःशुल्क शिक्षा। आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में कार्रवाई तथा एमएलसी के आधार पर बीएनएस की धारा 125(ए) एवं 125(बी) सहित आवश्यक धाराएं बढ़ाने का आश्वासन थाना प्रभारी ईसागढ़ द्वारा दिया गया।

राजपुर में गोवर्धन पूजा-अर्चना कर लगाया गया छप्पन भोग



राजपुर। राजपुर कस्बे में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े धूमधाम के साथ-साथ यह पर्व मनाया गया। करमसी सड़क मार्ग पर डॉ. दुबे के छोटे भाई सत्यनारायण शर्मा के यहां गोवर्धन पूजा अर्चना की गई। जिसमें बडी संख्या में गांववासी उपस्थित थे। सभी लोगों ने गोवर्धन महाराज जी पूजा-अर्चना की फिर परिक्रमा करते हुए जय कारें लगाते हुए देखा गया। सभी लोगों कों छप्पन भोग का प्रसाद प्रदान किया गया।

बच्चों को फुलझड़ी देकर के चेहरों पर बिखेरी खुशियां

समाजसेवियों ने गणेशखेड़ा 22 आदिवासी परिवारों के बीच मनाई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



समाजसेवियों द्वारा गणेशखेडा आदिवासी परिवार के बीच पहुंचकर मां लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना कर आरती की और बस्ती के लोगों की दीपावली का महत्व बताया और दीपावली केवल दीप जलाने और उत्सव मनाने का पर्व नहीं, बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियों का उजाला भरने और आपसी प्रेम, सद्भाव एवं संवेदनाओं को साझा करने का भी अवसर है।

इसी सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदना की भावना के साथ ईसागढ़ समाज सेवी ने इस वर्ष दीपावली का पर्व ग्राम गणेशखेडा में 22 आदिवासी परिवारों के बीच मनाया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने आदिवासी परिवारों के बच्चों को राशन सामग्री प्रदान की। बच्चों के साथ रंगोली बनाई दीपावली की खुशियां साझा कीं। वहीं सभी परिवारों को दीपावली की पूजन सामग्री भेंट कर उनके साथ त्योहार की खुशियां बांटीं। उससे उन सबको मुक्त करने में अपनी भूमिका निभा सके। इस दौरान सिमरन कौर राजविंदर कौर अंकित अग्रवाल बलभद्र सिंह दिनेश सेन एवं नमन उपस्थित रहे।

श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई गोवर्धन पूजा, घर-घर सजे गोवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



दीपावली पर्व की रोशनी और उल्लास के बाद मंगलवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर के घरों, गलियों और मंदिरों में धार्मिक माहौल बना रहा। महिलाओं ने प्रातःकाल गोबर से सुंदर गोवर्धन पर्वत बनाए और पूजा-अर्चना की।

शहर के स्टेशन रोड, पुराना बाजार, ग्वाल मोहल्ला, बस स्टैंड सहित कई इलाकों में लोगों ने पारंपरिक तरीके से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की। घर-घर में गोबर से बने गोवर्धन पर्वत और पशुओं की प्रतिमाएं सजाई गईं। बच्चों ने भी इस धार्मिक उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया और दीयों से सजावट की। पूजा के दौरान भक्तों ने "गोवर्धन महाराज की जय", "श्रीकृष्ण गोवर्धन की जय" के जयघोष लगाए। इसके बाद अन्नकूट का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन भगवान को भोग स्वरूप अर्पित किए गए। कई स्थानों पर भक्तों को अन्नकूट प्रसादी का वितरण भी किया गया गौशालाओं में भी इस अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन हुआ। गौमाता की पूजा कर गो सेवकों का सम्मान किया गया।

बच्चों को बांटे मिठाई और कपड़े

आदिवासी बस्ती बीड़ सरकार में थाना प्रभारी ने बच्चों के साथ मनाई दीपावली



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

दीपावली का पर्व केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का ही नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ खुशियां साझा करने और जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों का उजाला फैलाने का भी पर्व है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए थाना प्रभारी मुंगावली अरविंद सिंह कछुवाह ने आदिवासी बस्ती बीड़ सरकार पहुंचकर आदिवासी समाज के लोगों एवं बच्चों के बीच दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस दौरान थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह ने बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने बच्चों को मिठाई, आतिशबाजी एवं सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े उपहार स्वरूप वितरित किए। अचानक मिले इन उपहारों से बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने भी उत्साह के साथ दीपावली मनाई। इस दौरान बस्ती के लोगों के साथ आत्मीय संवाद भी किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह ने कहा कि दीपावली खुशियों, प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का त्योहार है। त्योहारों की सार्थकता तभी है जब हम अपनी खुशियों में उन लोगों को भी शामिल करें जिन्हें किसी कारणवश त्योहार मनाने के लिए पर्याप्त साधन और सुविधाएं नहीं मिल पातीं।

छप्पन भोग और अन्नकूट महोत्सव संपन्न

चंदेरी। श्री फुहारी जी बेंकेश बालाजी मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ छप्पन भोग एवं अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और मनमोहक सजावट से सजाया गया। भगवान का अलौकिक श्रृंगार कर उन्हें विभिन्न प्रकार के पकवानों एवं व्यंजनों का छप्पन भोग अर्पित किया गया। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। भगवान के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इसके पश्चात आयोजित अन्नकूट महाप्रसादी में शहर के सैकड़ों लोगों ने सहभागिता कर प्रसादी ग्रहण की और धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गोपाल सिंह चैहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक कांत भार्गव, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष रवि शंकर मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में 25 आवेदक अपनी समस्याए लेकर पहुंचे



अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना एवं समस्याओं के हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 25 आवेदकों ने आवेदन दिए। जनसुनवाई में ग्राम मूडरा निवासी साकिर अली द्वारा खाद की टोकन संबंधी समस्या,ग्राम मूडरा मल्हरागढ निवासी कैलाश दांगी द्वारा आदेश अमल कराये जाने,मुंगावली निवासी धर्मवीर पवार द्वारा भूमि पर कब्जा करने,पिपरई निवासी खतीजा खान द्वारा सीमांकन कराये जाने,ग्राम खोरीबरी निवासी शिशुपाल द्वारा पट्टे की बटकान आदेश की प्रति उपलब्ध कराये जाने,ग्राम बांसाखेडी निवासी दशरथ जाटव द्वारा बिजली कनेक्शन दिलाये जाने,ग्राम केशैपुर निवासी विमलाबाई द्वारा मारपीट संबंधी सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ एवं सीएमओ ने गूगल मीट से जुडकर भाग लिया।

खबर संक्षेप

75 वर्षीय महिला की कुएं में डूबने से मौत

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत बिजलीपुर निवासी मोती बाई पत्नि राम सिंह लोधी उम्र 75 साल की झोपड़ी के पास बने कुए में गिरने से मौत हो गई। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

किशोर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत छोटू पुत्र सुनील रैकवार उम्र 12 साल निवासी तला मोहल्ला विक्रमपुर ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी अभिषेक दुबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हिस्सा खान, भोला जोगी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगेश्री चैराहा निवासी मदन ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकुमार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी चन्द्रपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामस्वरूप, अंकित, मोहन और रजनी राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष कीओर से भावना राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चन्द्रपाल, भगवतसिंह, चंद्रपाल की मां व उसकी पत्नि ने उससे मारपीट की। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छीपोन निवासी सरीफ खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दिमान अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी रोहित बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय, अशोक, संजय,सुरेन्द्र, कल्ला आदि ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंघपुर ताल निवासी प्रेमबाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ईंदल, मलखान, भूरा हटटे सिंह, सुनीता और रस्मी यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुनीता यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुल्तान, नन्हे राजा, भूमि बाई और प्रेमबाई यादव ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत आशीष रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आदित्य रोहित, अजय बाल्मीक और तन्मय चैबे ने उससे मारपीट की और घर में ले जाकर कमरे में बंद कर दिया।

घरों पर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की गई, गायों का हुआ श्रृंगार

जिले में गोवर्धन पूजा का पर्व उत्साह से मनाया गया, की गई पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





शहर में गोवर्धन पूजा का पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया गया, श्रृद्धालुओं ने घर परिवार के साथ तो कईं जगह समाज जनों ने गोर्वघन पूजा के दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की। गोबर से दोजी बनाई गईं। गायों को पूजा गया और उनका श्रृंगार किया गया।

कार्तिक माह शुक्ल पक्ष दीपावली के दूसरे दिन गोबर्धन पूजा की जाती है प्रकृति यह पूजा सर्व प्रथम भगवान श्री कृष्ण ने ब्रज (मथुरा) से इस पूजा की शुरुआत की थी परन्तु आज पूरे देश भर में गोबर्धन पूजा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाने लगी है। इस मौके पर अशोकनगर शहर में अनेक परिवारों में गोर्वधन पूजा का आयोजन किया गया, घर परिवार के सदस्यों ने सामुहिक रूप से गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया। इस मौके पर अवधेश शर्मा के परिवार जन सामुहिक रूप से इस पर्व को मनाते हुए देखे गए।

इस दिन घर की एक ही रसोई से प्रत्येक सदस्यों का भोजन तैयार होता है गोवर्धन पूजा में 36 प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया जाता है भगवान गोवर्धन की प्रतिकृति गाय के गोबर से बनाई जाती है बेदो पुराणों में लिखें अनुसार इस दिन भगवान वरुणदेव, इन्द्रदेव, अग्नि देव बाल ग्वाल पेड़ पौधे व गाय माता की पूजन का बिशेष विधान है। गाय माता क़ो स्वच्छ जल से स्नान करा कर श्रृंगार किया जाता व श्रद्धापूर्वक पूजा की गई हरा चारा व मिठाई व्यंजन भी खिलाये गए। इसी दिन से सभी मंदिरों में अन्नकूट का प्रसादी वितरण की शुरुआत हो गई है।

अग्रवाल समाज की महिलाओं ने दीपावली के बाद मनाए जाने वाले गोवर्धन पूजा का पर्व सामुहिक रूप से मनाया इस मौके पर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। इस मौके पर महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा गौ वंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए की गई शुरूआत का स्मरण करते हुए उनकी पूजा अर्चना की। इस मौके पर दीप सजाए गए, महिलाओं ने भजन किए और गोर्वधन पूजा का पर्व मनाया।

श्री दया भावना फाउंडेशन गौशाला में गोवर्धन पूजन एवं अन्नकूट प्रसाद वितरण का आयोजन



श्री दया भावना फाउंडेशन द्वारा संचालित गौशाला में श्री गोवर्धन पूजन एवं अन्नकूट प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से गोवर्धन पूजन कर गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा सभी के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। श्री दया भावना फाउंडेशन के संयोजक एवं सांसद प्रतिनिधि संजीव जैन भारिल्ल ने बताया कि श्री दिगंबर जैन पंचायत के तत्वावधान में, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज की प्रेरणा से दया भावना फाउंडेशन के अंतर्गत आचार्य विद्यासागर गौ अस्पताल और श्री राम पक्षी चिकित्सालय अशोकनगर जिले में संचालित किए जा रहें है। इनमें दुर्घटना में घायल, बीमार, असहाय एवं मूक पशुओं को हाइड्रोलिक एंबुलेंस के माध्यम से लाकर उपचार किया जाता है और स्वस्थ होने पर उन्हें ईसागढ़ रोड स्थित दयोदय गौशाला में छोड़ा जाता है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष अंकित बड़कुल, जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल, महामंत्री राकेश अमरोद,अजीत जैन एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे। गौसेवा, धर्म और सेवा भाव ही हमारी सनातन संस्कृति की सच्ची पहचान है।

ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरके पर्यटक

बुंदेली संस्कृति के मुरीद हुए सात समंदर पार के मेहमान



अशोकनगर। बुंदेलखंड की पावन धारा अपने आप में समृद्ध लोक कलाओं, सुरीले लोकसंगीतों और जीवंत लोकनृत्यों का अनूठा संसार समेटे हुए है। दीपावली पर्व के ठीक अगले दिन यानी मौन परमा के अवसर पर समूचे बुंदेलखंड अंचल में लोक संस्कृति की एक अद्भुत छटा देखने को मिलती है। इसी श्रृंखला में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगरी चंदेरी में इस वर्ष लोक संस्कृति का एक ऐसा अनुपम नजारा सामने आया, जिसने न केवल स्थानीय लोगों का दिल जीता, बल्कि सात समंदर पार से आए विदेशी मेहमानों को भी अपनी तान और ताल पर झूमने को मजबूर कर दिया।

चंदेरी भ्रमण पर आए न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के पर्यटक उस समय हैरान और आनंदित रह गए, जब उनकी नजर सड़क से गुजरते श्मौनिया नृत्यश् के एक विशाल टोले पर पड़ी। पारंपरिक वेशभूषा, हाथों में रंगे-बिरंगे मोर पंख और ढोल-नगाड़ों की गूँज के बीच मौनियों को थिरकते देख विदेशी पर्यटक खुद को रोक नहीं पाए और उनके बीच पहुंचकर जमकर नाचे। द्वापर युग और भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा है इसका पौराणिक इतिहास

बुंदेलखंड की इस सबसे प्राचीन नृत्य शैली का संबंध सीधे भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से माना जाता है। पौराणिक मान्यता द्वापर युग में जब भगवान श्रीकृष्ण यमुना किनारे बैठे थे, तब अचानक उनकी प्रिय गायें कहीं गुम हो गई थीं। अपनी गायों को न पाकर श्रीकृष्ण अत्यंत दुःखी होकर मौन धारण कर बैठे थे। उन्हें मौन देख उनके ग्वाल सखा व्याकुल हो उठे। इसके बाद सभी ग्वालों ने जंगल-जंगल भटककर गायों की तलाश की और जब वे गायों को सकुशल लौटा लाए, तब जाकर श्रीकृष्ण ने अपना मौन तोड़ा था। इसी पौराणिक घटना की याद में सदियों से चली आ रही इस परंपरा को आज भी ग्रामीण अंचलों में बड़े ही श्रद्धाभाव से निभाया जाता है। 11 से 21 गाँवों की परिक्रमा और मौन व्रत का कठिन संकल्प लिया।

बर्तन दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर नष्ट

अशोकनगर। शहर में बरोदिया वस्त्रालय की गली में निमेश जैन और अविनाश जैन की बर्तनों की थोक दुकान में आग लग जाने से लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया। यह घटना दीपावली पर्व के दिन हुई थी जैसे ही आसपास के लोगों ने दुकान में आग लगते हुए देखी तब परिवार जनों को सूचना दी, जिसके बाद नगरपालिका की दमकल आग बुझाने में लगी रही। सुबह 4 बजे आग पर काबू पाया गया। स्थानीय सेन चैराहे पर सतेन्द्र रघुवंशी के गेरेज में आग लग जाने से 3 कार आग की भेंट चढ़ गईं, इस घटना में भी पड़ोसियों ने जब आग लगती देखी तब परिवारजनों को सूचना दी, तब तक यह घटना हो चुकी थी।

जुआ खेलते 7 आरोपी पकड़े गए, तीन बाइक व नगदी सहित करीब 1.50 लाख की सामग्री जब्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शाढ़ौरा पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद जुआ के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जुआ खेल रहे 07 आरोपियों को पकड़ा है,जिनके पास से 3 बाईक और नगद रूपए बरामद किए गए हैं।

पुलिस कार्यवाही के दौरान पकड़े गए आरोपियों में राकेश पुत्र खच्चु अहिरवार उम्र 38 वर्ष, राजकुमार पुत्र हरिसिंह अहिरवार उम्र 20 वर्ष, नरेंद्र पुत्र बैजनाथ शर्मा उम्र 42 वर्ष, दीपेश पुत्र मुनेश जाटव उम्र 19 वर्ष, कल्ला पुत्र ओंमकार हरिजन उम्र 52 वर्ष, पवन पुत्र प्रेमनारायण उम्र 25 वर्ष, इन्दर पुत्र मंगोलिया अहिरवार उम्र 50 वर्ष निवासीगण पीलीघटा शामिल थे। कार्यवाही के दौरान एक आरोपी रिंकु पुत्र किशन अहिरवार मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा मौके से नगदी एवं 03 मोटरसाइकिल सहित करीब 1,50,000 रुपये का सामान जप्त किया गया।

देहात पुलिस ने जुआं खेलते हुए 12 आरोपियों को किया गिरफ्तार, थाना देहात द्वारा अवैध जुए के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए संगठित रूप से जुआ खेल रहे 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि थाना देहात पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोन रोड स्थित प्रेम किशन वेयर हाउस के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे थे। सूचना पर थाना प्रभारी देहात द्वारा पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस टीम ने मौके से जुआ खेलते हुए धनकुमार पिता राजाराम कुशवाह उम्र 24 वर्ष, मनोज पिता किशनलाल कोरी उम्र 38 वर्ष, राजीव पिता जगराम सिंह यादव उम्र 27 वर्ष, गोपाल पिता खूब सिंह ओझा उम्र 36 वर्ष, पहलवान सिंह पिता बलबीर सिंह परिहार उम्र 42 वर्ष, शिवकुमार पिता रामकिशन साहू उम्र 39 वर्ष, हंसराज पिता रामलाल साहू उम्र 42 वर्ष, प्रवीण कुमार पिता कैलाश चंद्र जैन उम्र 50 वर्ष, बृजेश पिता बलबंत सिंह साहू उम्र 26 वर्ष, रोहित पिता राजाराम आदिवासी उम्र 20 वर्ष, लाल सिंह पिता घासीराम खंगार उम्र 33 वर्ष एवं राजेश पिता समरथ साहू उम्र 50 वर्ष, समस्त निवासीगण शंकरपुर मगरदा, जिला अशोकनगर को पकडा। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे एवं मौके से कुल 34,600 नगद तथा 52 ताश के पत्तों की एक गड्डी विधिवत जप्त की गई।

आवागमन बाधित करने वालों के विरुद्ध मामला दर्ज

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा सार्वजनिक मार्गों पर आवागमन बाधित कर आम नागरिकों को परेशानी में डालने वाली गतिविधियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। थाना ईसागढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम बमनावर पुलिया के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा मृतक का शव सार्वजनिक सड़क पर रखकर तथा स्वयं सड़क पर बैठकर चक्काजाम किए जाने का मामला सामने आया। इस दौरान सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध होने से आम नागरिकों, राहगीरों एवं वाहन चालकों का आवागमन बाधित हुआ तथा उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा। उक्त घटना के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर थाना ईसागढ़ पुलिस द्वारा सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने एवं चक्काजाम किए जाने के संबंध में धारा 285, 126(2), 189(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

कचरा वाहन ने नहीं उठाया कचरा तो गुस्साए युवक ने बोलेरो में भरकर नपा दफ्तर के बाहर फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर पालिका की कार्यशैली और सफाई व्यवस्था के खिलाफ एक स्थानीय युवक का अनोखा गुस्सा देखने को मिला है। इलाके में कचरा गाड़ी के नियमित रूप से कचरा न उठाने से परेशान होकर एक युवक ने अनूठे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। युवक ने अपनी बोलेरो गाड़ी में कचरा भरवाया और उसे सीधे नगर पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार के बाहर लाकर पलट दिया। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

क्या है पूरा मामला?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंदेरी क्षेत्र में सफाई वाहन तो पहुंचा था, लेकिन उस वाहन ने स्थानीय रहवासियों का कचरा लेने से इनकार कर दिया या कचरा नहीं उठाया। इससे स्थानीय निवासी वीर बुंदेला का सब्र जवाब दे गया। गुस्से में आकर उन्होंने अपनी बोलेरो गाड़ी में मोहल्ले और घरों का कचरा इकट्ठा करवाया और सीधे नगर पालिका दफ्तर के बाहर पहुंच गए। इस पूरे विरोध प्रदर्शन का वीडियो युवक ने खुद अपने मोबाइल से शूट कर सोशल मीडिया पर अपलोड किया, जो अब क्षेत्र में आग की तरह वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में युवक नगर पालिका की व्यवस्था पर तीखे सवाल उठाते हुए सफाई कर्मियों और अधिकारियों की लापरवाही पर रोष व्यक्त करता नजर आ रहा है।

जनता का तर्क जब टैक्स पूरा, तो लापरवाही क्यों?



वीडियो में युवक का साफ कहना है कि जब आम जनता नगर पालिका को समय पर टैक्स दे रही है, तो नगर पालिका का भी यह सीधा दायित्व बनता है कि वह शहर को साफ-सुथरा रखे और घरों से नियमित रूप से कचरा उठाए। नागरिकों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद नगर पालिका के कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे हैं। यह वायरल वीडियो चर्चा का विषय बना है।

गौ संरक्षण ही सबसे बड़ा गोवर्धन है: मुनिश्री निरंजन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



गोवर्धन पूजा क्यों की जाती है? यह प्रश्न जब खड़ा होता है तो विद्वान गीता या भागवत पुराण का वह मार्मिक प्रसंग सुनाते हैं कि श्री कृष्ण जी ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली से उठाकर लाखों गौवंश को बचाया था। इस घटना पर हम अगर दृष्टिपात करें तो हमें ज्ञात होता है कि भारतीय सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है गौ। इस गौ के बिना भारतीय सनातन संस्कृति का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा।

उन्होंने श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने इस कृत्य से सभी के लिये गौ संरक्षण का एक जीवन्त सन्देश दिया था। परन्तु आज वह गोवर्धन पूजा मात्र एक औपचारिकता ही बनकर रह गई है। शासन-प्रशासन के अधिकारी या प्रतिनिधि इस दिन किसी गौशाला में जाकर फोटो सेशन करवा कर इति श्री कर लेते हैं और अखबार में उनका गौ प्रेम छप जाता है। अब बाकी के 364 दिन इन गौवंश का क्या हो रहा है। इस ओर किसी की भी दृष्टि नहीं जाती है। आये दिन गौ माताएं सड़कों पर दुर्घटना का शिकार हो रही हैं। उन्हें कत्लखानों में लाया जा रहा है। श्री कृष्ण जी के भारत में इन्हीं गौमाता को कत्लखानों में काटा जा रहा है। उनका मांस विदेशों में भेजा जा रहा है। अब आप ही निर्णय करें कि क्या यह सही गोवर्धन पूजा है। क्या यह सही गौ प्रेम है। हम किसी व्यवस्था पर प्रश्न खड़े नहीं कर रहे हैं। परन्तु हम उस उद्देश्य की ओर आपका ध्यान ले जाना चाहते हैं, जो उद्देश्य श्री कृष्ण जी ने बताया था। जिस उद्देश्य को लेकर श्री कृष्ण जी ने अपनी शक्ति का सदुपयोग किया था। वह उद्देश्य बहुत ही पवित्र है वह उद्देश्य ही अपने आप में सनातन है। जब तक गाय है तब तक भारत है और भारत की सनातन संस्कृति है। आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज की प्रेरणा से आज देश भर में गौशालाओं का संचालन हो रहा है, यह उनका गायों के प्रति प्रेम प्रदर्शित करता है।

नदी से ढाई किलोमीटर दूर मगरमच्छ का बच्चा कुए में पहुंचा, ग्रामीणों ने बाल्टी के सहारे बाहर निकाला



अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर क्षेत्र के गांव सोपरा में गत सोमवार रात को शंकर जी के मंदिर के पास बने हुए एक कुआं में ग्रामीणों को मगरमच्छ का एक बच्चा दिखाई दिया। ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह कुआं में उगी हुई झाड़ियों को साफ कर मगरमच्छ के बच्चे को निकालने की कोशिश की, कई घंटे की मेहनत के बाद सुबह करीब ग्यारह बजे विशाल और रघुवीर नामके दो युवकों ने एक प्लास्टिक की बाल्टी में भरकर बच्चे को बाहर निकाल लिया। इसी बीच सूचना मिलने पर वन विभाग से बीट गार्ड अजहर खान मौके पर पहुंच गए थे। जिन्होंने उस बच्चे को सुरक्षित ढंग से कैथन नदी में छोड़ दिया। बीट गार्ड खान ने बताया कि कुआं से नदी की दूरी करीब ढाई किलोमीटर है लेकिन नदी से सोपरा गांव तक भूमिगत नहर आई है, इसी नहर से कुआं तक धान के खेत लगे हुए हैं। जिनमें भरपूर मात्रा में पानी जमा रहता है। संभवतया बच्चा इसी रास्ते से कुआं में दाखिल हुआ होगा। उन्होंने बताया कि बच्चे की उम्र पंद्रह से बीस दिन है, लंबाई भी करीब डेढ़ फीट। बता दें कि बीते पांच वर्षों से बहादुरपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर नदी से दूर मगरमच्छ या उसके बच्चे मिले हैं, जो इशारा करते हैं कि इस क्षेत्र में मगरमच्छों का प्रजनन प्रचुर संख्या में हो रहा है।

पुलिस की कार्यप्रणाली के साथ जिले में हुए घटनाक्रमों से अवगत कराया

एसपी राजीव कुमार ने एक संवाद के माध्यम से लिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस और प्रेस संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं और पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया तथा आगामी समय के लिए सुझाव भी मांगे गए।

ऑनलाइन सटटा एवं जुआं को लेकर बड़ी कार्यवाहीं की गई

ऑनलाइन सटटा खिलाने वालों के विरूद्ध 18 प्रकरणों में 46 आरोपियों को गिरफतार कर उनके कब्जे से 30 मोबाइल, नगदी तथा वाहन सहित लगभग तीस लाख रूपये के जप्त किये गये है। जुआ के खेलने वालों के विरूद्ध कार्यवाही में 290 प्रकरणों में 1200 से अधिक आरोपियों को गिरफतार कर उनके कब्जे से 20 लाख रूपये अधिक राशि जप्त की गई।

अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई

अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही में 2158 प्रकरणों में 13672 लीटर अवैध शराब कीमती करीबन 24 लाख रूपये की जप्त की गई। एवं 20 हजार लीटर से अधिक मात्रा में अवैध लहान नष्ट किया गया। एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत की गई कार्यवाही की गई जिसमें कुल 30 प्रकरणों में 32 आरोपियों को गिरफतार किया जाकर उनसे कुल 320 किलो ग्राम गांजा कीमती करीबन 8 लाख रूपये का एवं 45 ग्राम स्मैक कीमती करीबन चार लाख रूपये की जप्त की गई।

संपत्ति संबंधी अपराधों में बरामदगी

डकैती के 02 प्रकरणों 13 आरोपियों को गिरफतार कर लूटी गई राशि 7,32,740/- रूपये 100 प्रतिशत बरामद की गई। विगत वर्षो की तुलना डकैती के अपराध में कमी दर्ज हुई है । लूट के 04 प्रकरणों में 11 आरोपियों को गिरफतार कर लूटी गई 33,30,320 रूप्ये की राशि बरामद की गई। बरामदगी 100 प्रतिशत रही। विगत वर्ष लूट के 05 अपराध की तुलना में इस वर्ष 03 अपराध घटित हुए है,लूट के अपराध में 40 प्रतिशत की कमी रही ।

चोरी के 72 प्रकरणों में 104 आरोपियों को गिरफ्तार

चोरी के 72 प्रकरणों में 104 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से चोरी की गई लगभग 1,0000000/-रूपये से अधिक (एक करोड़ रूपये) बरामद की गई। बरामदगी 85 प्रतिशत रही है। गत वर्ष घटित 145 चोरी के अपराधों की तुलना में इस वर्ष 115 अपराध घटित हुए है। चोरी के अपराध में 26 प्रतिशत की कमी आई। गत वर्ष हत्या की 22 घटनाओं की तुलना में इस वर्ष 12 हत्याऐं हुई हैं जो विगत वर्ष की तुलना में 46 प्रतिशत की कमी रही है। इसी प्रकार हत्या के प्रयास के विगत वर्ष के घटित 18 अपराध की तुलना में इस वर्ष 06 अपराध घटित हुये हैं। हत्या के प्रयास की घटनाओं में 66 प्रतिशत की कमी रही है। इस दौरान कईं सुझाव भी प्रदान किए गए।

सांसद नागर, विधायक अमर सिंह यादव ने गौशाला पहुंचकर की गौ सेवा

सांवलिया गौशाला में हुई गोवर्धन पूजा नवनिर्मित भूसा शेड का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

दीपावली पर्व के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर नगर की सांवलिया गौशाला में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद रोडमल नागर, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष केदारनाथ काका उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने गोवर्धन एवं गौ-माता का विधि-विधान से पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही गौशाला में नवनिर्मित भूसा शेड का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर गौशाला में सेवाएं दे रहे कर्मचारियों का सम्मान कर उन्हें उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रोडमल नागर, विधायक अमर सिंह यादव एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष केदारनाथ काका ने गौ-सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौशाला से जुड़े सेवाकार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर शिव सिंह पटेल, मांगीलाल सोंधिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेश दांगी, नगर परिषद उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह, पार्षद कमल यादव, मुकेश शर्मा, लोकेंद्र यादव, राधेश्याम गुप्ता, प्रेम राजपूत सहित अन्य गौ-सेवक एवं गौशाला समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

गोवर्धन पूजा पर मंत्री टेटवाल ने गौमाता का पूजन अर्चन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की



सारंगपुर। गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सारंगपुर स्थित श्री कपिलेश्वर गौशाला पहुंचकर विधि-विधान से भगवान श्रीकृष्ण, बलराम एवं गौमाता का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान उन्होंने गौमाता की आरती कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर धारण कर प्रकृति, पर्वत, जल, वनस्पति और गौवंश के संरक्षण का संदेश दिया था। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और जीवमात्र के प्रति करुणा का भाव रखने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग हैं। गौसेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक व्यक्ति को गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण का गोपाल स्वरूप हमें गौसेवा और लोककल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर गौशाला के गुरु पवनदास महाराज सहित बड़ी संख्या में गौसेवक एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया गोवर्धन पूजा पर्व



जीरापुर। हिंदू धर्म की मान्यताओं एवं परंपराओं के अनुसार नगर में गोवर्धन पूजा का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। दीपावली के दूसरे दिन पड़वा पर्व पर सुबह से ही महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। गोवर्धन पूजा को लेकर परंपरानुसार महिलाओं ने नवीन वस्त्र धारण कर गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन की आकर्षक प्रतिमा निर्मित की तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद भगवान गोवर्धन की परिक्रमा कर धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया। नगर के फलोदी कालोनी, देवनारायण रोड़, भण्ड़ावद रोड़ आवास कालोनी सहित अनेको सजगह सामुहिक रूप से महिलाओं को पुजा अर्चना करते हुए देखा गया जहां पर भारतीय संस्कृति अनुरूप वेशभूषा मंगलगान कर खुशी मना रही थी।

2 लाख बरामद, एमआरएम पोर्टल के जरिए शेष राशि भी लौटाई

टेलीग्राम पर निवेश का झांसा देकर 2.04 लाख की ठगी, आरोपी असम से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

टेलीग्राम पर निवेश के बदले अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर ठगी करने वाले आरोपी को माचलपुर पुलिस ने असम से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने माचलपुर थाना क्षेत्र के एक युवक से 2 लाख 4 हजार 320 रुपए की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं, जबकि शेष राशि एमआरएम पोर्टल के माध्यम से पीड़ित को वापस कराई है। पुलिस के अनुसार, ग्राम खेड़ी पोलखेड़ा निवासी 27 वर्षीय घनश्याम वर्मा ने 27 जुलाई 2026 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने टेलीग्राम के माध्यम से निवेश पर अधिक मुनाफे का लालच देकर उससे 2,04,320 रुपए जमा करा लिए और उसके साथ धोखाधड़ी की। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 223/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर असम पहुंची पुलिस

मामले की जांच के दौरान माचलपुर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और साइबर विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पहचान की। इसके बाद पुलिस टीम असम राज्य पहुंची और आरोपी अब्दुल रसीद (30 वर्ष), निवासी ग्राम अमलासी, जिला नौगांव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 लाख रुपए नकद बरामद किए। वहीं, शेष ठगी की राशि डन्ड पोर्टल के माध्यम से पीड़ति को वापस कराई गई।

अन्य संलिप्त लोगों की तलाश, जांच जारी

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। साइबर ठगी में अन्य लोगों की संभावित भूमिका और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के साइबर जागरूकता एवं कार्रवाई अभियान सेफ क्लिक 2.0 के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी खिलचीपुर धर्मवीर सिंह नागर के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इसमें थाना प्रभारी आदित्य सोनी, उप निरीक्षक राहुल सेंधव, आरक्षक ब्रजेश देसाई, राहुल राजपूत और साइबर टीम की भूमिका रही।

पुलिस की नागरिकों से अपील

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अनजान लिंक, क्यूआर कोड और संदिग्ध कॉल से सावधान रहें। निवेश के नाम पर अधिक मुनाफे का लालच देने वाले ऑनलाइन प्रस्तावों पर भरोसा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में किशोर की मौत, एक घायल

सारंगपुर। सोमवार को तलेन थाना क्षेत्र के टिकोद-बनी मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में ग्राम बनी निवासी 17 वर्षीय किशोर विकास मोंगिया की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बनी निवासी विकास पिता ओमप्रकाश मोंगिया (17) की बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार पप्पू पिता धारू सिंह मोंगिया (32) भी घायल हो गए। घटना के बाद परिजन विकास को निजी वाहन से सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि देर शाम होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जल्लीकट्टू की तर्ज पर सुल्तानिया में अनूठी गो-क्रीड़ा, हजारों ग्रामीणों ने लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पड़ावा पर्व पर परंपराएं जब आस्था, सद्भाव और भाईचारे के साथ निभाई जाती हैं तो वे मिसाल बन जाती हैं। ऐसी ही सदियों पुरानी परंपरा राजगढ़ जिले के सारंगपुर क्षेत्र के सुल्तानिया गांव में आज भी जीवंत है। दीपावली के दूसरे दिन पड़वा पर यहां गाय पूजन के बाद तमिलनाडु के जल्लीकट्टू की तर्ज पर पारंपरिक गो-क्रीड़ा (छोड़ा उत्सव) का आयोजन किया गया। इसे देखने के लिए आसपास के गांवों से हजारों ग्रामीण पहुंचे और पूरे उत्साह के साथ आयोजन का आनंद लिया।

इस तरह निभाई जाती है परंपरा

इस अनूठे आयोजन में ग्रामीण लकड़ी के डंडे पर तुलसी प्रजाति के पौधों के गट्ठर बांधते हैं। इसके साथ चमड़े की रस्सी लगाकर गायों के सामने ले जाया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार चमड़े को अपवित्र मानने की धार्मिक मान्यता के चलते गाय उस पर सींगों से प्रहार कर उसे दूर करती है। इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराया जाता है। ग्रामीण बुजुर्ग बंसीलाल पटेल बताते हैं कि यह परंपरा भगवान देवनारायण से जुड़ी हुई है, जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी निभाया जा रहा है।

आस्था के साथ जोखिम भी

ग्रामीण इस खेल को गांव की सुख-शांति, समृद्धि और गौसेवा का प्रतीक मानते हैं। इसके लिए पशुपालक सालभर गायों की सेवा करते हैं और पड़वा के दिन इस आयोजन में शामिल होते हैं। हालांकि यह परंपरा जोखिम भरी भी है। कई बार गायों के हमले में लोग घायल हुए हैं और पूर्व में जनहानि की घटनाएं भी सामने आई हैं, इसके बावजूद ग्रामीणों की आस्था और उत्साह में कमी नहीं आई है। इस आयोजन की विशेषता यह है कि इसमें सभी धर्म, जाति और समाज के लोग सद्भाव के साथ शामिल होते हैं। बड़ी संख्या में लोग मकानों की छतों पर चढ़कर इस अनूठी गो-क्रीड़ा को देखते नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पचोर थाना पुलिस के जवान भी मौके पर मौजूद रहे।

ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र पर आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाई दीपावली



जीरापुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र शिवाशीष भवन में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास, सादगी एवं आध्यात्मिक उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवाकेंद्र को आकर्षक रंगोली, जगमगाते दीपों एवं मां लक्ष्मी की सुंदर झांकी से सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने दीपावली के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केवल बाहरी दीपक जलाना ही दीपावली नहीं है, बल्कि अपने अंतर्मन में ज्ञान और आत्मज्ञान का दीप प्रज्वलित करना ही सच्ची दीपावली है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दीपावली पर पुराने खातों का हिसाब समाप्त कर नए खाते शुरू किए जाते हैं, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन से पुराने संस्कारों, ईर्ष्या, द्वेष और नकारात्मक विचारों को समाप्त कर प्रेम, शांति एवं सद्भावना के नए संस्कार अपनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि परमात्मा शिव के ज्ञान प्रकाश से जब आत्मा की ज्योति जागृत होती है, तभी जीवन से अज्ञान और विकारों का अंधकार दूर होता है तथा जीवन में सुख-शांति का संचार होता है।इस अवसर पर सभी भाई-बहनों ने मिलकर मंगल दीप प्रज्वलित किए। इसके पश्चात ईश्वरीय गीतों पर रास कर दीपावली की खुशियां मनाई गईं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को ईश्वरीय महाप्रसाद वितरित किया गया तथा सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामनाएं दी गईं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाफिज मेव का निधन



सारंगपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाफिज मेव का 7 नवंबर को निधन हो गया। उनके इंतकाल की खबर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों और परिचितों में शोक की लहर छा गई। हाफिज मेव लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए थे और क्षेत्र में अपनी पहचान रखते थे। रविवार 8 नवंबर को सुबह 11 बजे शकर कुआं स्थित मस्जिद में उनकी जनाजे की नमाज अदा की गई। इसके बाद उन्हें दशहरा मैदान के पास स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम विदाई के दौरान कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं, समाजजनों, रिश्तेदारों और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष आविद हुसैन लोदी सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर हाफिज मेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। हाफिज मेव के निधन को कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उपस्थित लोगों ने उनके साथ बिताए समय को याद किया।

नगर की गौशाला में विधि विधान से हुई गोवर्धन पूजा

विधायक दांगी ने किया गौशाला का निरीक्षण, गौमाता के लिए पानी की व्यवस्था कराने का दिया आश्वासन



जीरापुर। नगर के जीरापुर-छापीहेड़ा रोड स्थित हाटकेश्वर सेमली धाम के संत कमल किशोर नागर द्वारा संचालित नगर की प्रसिद्ध गौशाला में दीपावली उपरांत पड़वा का पावन पर्व पर गोवर्धन पूजा अर्चना कर गौ माता की पूजा की गई।

गो भक्तो सहित शाला सदस्यों सहित जनप्रतिनिधियों ने हर्षोल्लास से पूजन की। जहां पर पं प्रभुलाल व्यास ने विधि विधान से मंत्रोच्चारण कर पुजन करवाया जहां मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ने पूजा की। गौ सेवा समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार सुबह 10 बजे गौशाला के मुख्य द्वार पर गोबर से भगवान गोवर्धन की आकर्षक आकृति बनाई गई। विधायक हजारीलाल दांगी ने भी भगवान गोवर्धन की पूजा कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।पूजन उपरांत विधायक दांगी ने गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान गो भक्तों ने बीमार गायों की उचित देखरेख एवं गोमाता के लिए पर्याप्त पेयजल व्यवस्था करने की मांग रखी। इस पर विधायक ने जल्द ही गौशाला में पानी के लिए पर्याप्त ठेल (हौद) बनवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गो सेवा में योगदान देने वाले गो भक्तों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी के सदस्य सीएमओ देवनारायण दांगी, विजय सिंह मण्डलोई पटवारी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक, विष्णु सिंह पवांर, रमेशचंद्र शर्मा ,कुशाल मण्डलोई जनपद सदस्य,अजय बैरिस्टर ,कमल झावा , गो सेवा समिति सदस्य अजयकांत मुंदड़ा, सोहनलाल भावसार, जमनालाल वर्मा उपस्थित रहे।

रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजे आंगन धूमधाम से मनाया दीपावली का पर्व

आकर्षक सजावट और पूजन-पाठ के साथ हुआ मां लक्ष्मी का स्वागत



कुरावर। नगर में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही नगर में उत्साह और रौनक देखने को मिली। घरों के आंगन, मुख्य द्वार और व्यापारिक प्रतिष्ठान रंग-बिरंगी आकर्षक रंगोलियों से सजाए गए। महिलाओं ने विभिन्न रंगों और डिजाइनों से सुंदर रंगोलियां बनाकर दीपोत्सव की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए। वहीं घरों और दुकानों को आकर्षक विद्युत सजावट और दीपों से रोशन किया गया। दीपावली के अवसर पर सुबह 6 बजे से ही नगर के मुख्य बाजार में खरीदारी का दौर शुरू हो गया था। फूल-माला, मिठाई, कपड़े और अन्य दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। बाजार में बढ़ती भीड़ के चलते कई बार यातायात जाम की स्थिति भी बनी, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर से शाम तक व्यापारिक प्रतिष्ठानों में शुभ मुहूर्त में व्यापारियों ने मां लक्ष्मी का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं घरों में भी रात्रि 8 से 10 बजे के बीच विधि-विधान के साथ मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई।

दीपावली की रात हुआ था हादसा, जांच के लिए थाने लाए गए थे चार युवक

पोटाश गन के धमाके में 15 वर्षीय बालक का अंगूठा उड़ा, पुलिस ने दो आरोपियों पर दर्ज किया मामला

दो अलग-अलग मामलों में 45 किलो 900 ग्राम पोटाश जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

दीपावली की रात देसी पोटाश गन में पोटाश भरते समय हुए जोरदार विस्फोट में 15 वर्षीय बालक का अंगूठा उड़ने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 45 किलो 900 ग्राम पोटाश जब्त किया है। मामले की जांच के लिए पुलिस चार युवकों को थाने लेकर आई थी, जिनमें से जांच के बाद दो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार दीपावली की रात करीब 10.30 बजे 15 वर्षीय आकाश पिता दिनेश राठौर घर में मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना के बाद बाहर देसी पोटाश गन से आतिशबाजी कर रहा था। इसी दौरान पोटाश गन में पोटाश भरते समय अचानक जोरदार विस्फोट हो गया।





धमाका इतना तेज था कि बालक का अंगूठा हाथ से अलग हो गया और हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। इसी दौरान कथित रूप से पोटाश गन और विस्फोटक सामग्री की बिक्री से जुड़े चार युवकों को पूछताछ एवं जांच के लिए थाने लाया गया। जांच के बाद पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 45 किलो 900 ग्राम पोटाश जब्त किया। इसमें एक मामले में 23 किलो 300 ग्राम तथा दूसरे मामले में 22 किलो 600 ग्राम पोटाश जब्त किया गया। पुलिस ने इस मामले में इदरीश अली पिता आजान अली उम्र 38 वर्ष तथा मोहम्मद हुसैन उर्फ सद्दाम पिता अब्दुल रहमान उम्र 58 वर्ष, दोनों निवासी जीन मोहल्ला, कुरावर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

खुलेआम बिक रही पोटाश गन पर उठे सवाल

इस हादसे ने नगर में पोटाश और कार्बाइड गन की बिक्री को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रतिबंध और सुरक्षा संबंधी चेतावनियों के बावजूद खतरनाक पोटाश गन बच्चों तक पहुंच रही हैं। दीपावली जैसे त्योहार पर हुई इस घटना ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पोटाश गन और विस्फोटक सामग्री की अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी अन्य बच्चे को इस तरह की दुर्घटना का शिकार न होना पड़े।